# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा
## जिला–उ. ब. कांकेर (छ.ग.)

**AISHE Code : C-24958 College Code : 2105**

**Website : www.govtcollegecharama.in** **Email : gccharama1989@gmail.com**


पत्र क्र.275A/स्था/2026 चारामा, दिनांक : 13/08/2026

## ।। सूचना ।।
## (अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप)

सत्रः 2026–27 अध्ययनरत में महाविद्यालय के समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **"अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप"** हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 10/08/2026 से प्रारंभ हो गई है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत चयनित छात्राओं को रु. 30,000/– प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना के लिए वे छात्राएँ पात्र हैं जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों परीक्षाएँ पात्र राज्य / केंद्रशासित प्रदेश के सरकारी स्कूल अथवा कॉलेज से नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की हों तथा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री अथवा 2 से 5 वर्ष अवधि वाले डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो।

**आवेदन की अवधि :–**

प्रथम चरण 10 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026
द्वितीय चरण 10 जनवरी 2027 से 31 जनवरी 2027

**आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज :–**

आवेदन करते समय छात्राओं को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट एवं निर्धारित प्रारूप में स्कैन प्रति तैयार रखना आवश्यक है :–

1. वर्तमान का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो।
2. आधार कार्ड।
3. छात्रा के स्वयं के नाम का सक्रिय बैंक बचत खाता संबंधी प्रमाण/पासबुक ।
4. कक्षा 10वीं की अंकसूची।
5. कक्षा 12वीं की अंकसूची।
6. कॉलेज प्रवेश प्रमाण के रूप में बोनाफाइड प्रमाण–पत्र अथवा प्रवेश शिक्षण शुल्क रसीद।

सभी दस्तावेज मूल दस्तावेजों की स्पष्ट स्कैन प्रति होने चाहिए। आवेदन में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों में काट–छांट, एडिटिंग, स्क्रीनशॉट अथवा AI द्वारा तैयार दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे। दस्तावेजों के निर्धारित फाइल प्रारूप एवं आकार का भी पालन करना आवश्यक है।

अतः महाविद्यालय की पात्र छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित समय–सीमा के भीतर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें तथा आवेदन करने से पूर्व पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच अवश्य कर लें।

**श्रीमती दीपिका सोम**
**छात्रवृत्ति प्रभारी अधिकारी**
**शास.शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा**

Govt.Shaheed Gendsingh College Charama
Distt.U.B.Kanker (C.G.)

**प्राचार्य**
**शास.शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा**
**जिला–उ.ब.कांकेर(छ.ग.)**

f:\2026\august 2026.docx